# वार्षिक प्रतिवेदन

**सत्र 2022–2023**

# राजकीय महाविद्यालय कुल्लू

**राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् से अलकृंत बी++ मान्यता प्राप्त संस्थान**

## 54वाँ वार्षिक

## पुरस्कार वितरण समारोह

## श्री सुन्दर सिंह ठाकुर जी

मुख्य संसदीय सचिव हि०प्र०
के मुख्य आतिथ्य में

**दिनांक 11 मार्च, 2023**

## प्रस्तुतकर्ता

## डॉ० सुजाता राशपा

प्राचार्या

# तालिका


| क्र०सँ० | विषय | पृष्ठ सँख्या |
|---|---|---|
| 1 | भूमिका | 3 |
| 2 | महाविद्यालय परिचय | 3 |
| 3 | नामांकन | 4 |
| 4 | वार्षिक परिणाम | 5 |
| 5 | प्राध्यापकों की शैक्षणिक उपलब्धियाँ | 5—6 |
| 6 | स्थानान्तरण, रिक्तियाँ एवं सेवानिवृत्ति | 6 |
| 7 | सांस्कृतिक गतिविधियाँ | 6 |
| 8 | खेलकूद गतिविधियाँ | 6—7—8 |
| 9 | विभागीय गतिविधियाँ | 8 |
| 10 | अन्य गतिविधियाँ | 8 |
| 11 | पुस्तकालय | 9 |
| 12 | छात्रवृत्तियाँ | 9 |
| 13 | अध्यापक अभिभावक संघ | 9 |
| 14 | एन०सी०सी० (थल स्कन्ध, वायु स्कन्ध) | 9—10 |
| 15 | राष्ट्रीय सेवा योजना | 10—11 |
| 16 | रोवर्स एवं रेंजर्स | 11 |
| 17 | बी०सी०ए० | 11 |
| 18 | बी०बी०ए० | 12 |
| 19 | बी०वॉक० | 12 |
| 20 | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय | 12 |
| 21 | छात्रावास (छात्र एवं छात्रा) | 12 |
| 22 | पत्रिका (देवधरा) | 12—13 |
| 23 | केन्द्रीय छात्र परिषद् | 13 |
| 24 | विशिष्ट उपलब्धियाँ | 13 |
| 25 | निष्कर्ष | 13 |

आज के इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि महोदय परम सम्माननीय दृढ़ इच्छाशक्ति के स्वामी, लोक कल्याण में सदैव तत्पर रहने वाले एवम मृदुभाषी मुख्य संसदीय सचिव हिमाचल प्रदेश सरकार श्रीमान सुंदर सिंह ठाकुर जी, अन्य आमंत्रित विशेष अतिथि गण, छात्र अभिभावक संघ के सदस्य, अन्य आमंत्रित अधिकारी गण, महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी गण, सामान्य जनमानस, बहुसंख्यक विद्यार्थीगण, पत्रकार एवं प्रतिकृतिकार आप सभी का इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है। महोदय, यह परम सौभाग्य के क्षण होते हैं जिसमें विद्यार्थी शिक्षा एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों में विशिष्ट स्थान अर्जित करते हैं, जिससे उनके जीवन की दिशा और दशा तय होती है । इन प्रतिभावान विद्यार्थियों से अभिप्रेरणा प्राप्त कर अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की ललक जागृत होती है । हम ऐसी शुभकामना करते हैं कि ये विद्यार्थी आप से साक्षात् रूप में पुरस्कार प्राप्त करके जीवन में सृजनशील व्यक्तित्व प्राप्त कर आगे बढ़ने के लिए अभिप्रेरित होते रहेंगे। महोदय आपको मुख्य अतिथि के रूप में पाकर हम गर्व, गौरव और आत्माभिमान की अनुभूति कर रहे हैं। व्यस्ततम समय में से अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने के लिए महाविद्यालय परिवार आपका ह्रदय से धन्यवादी एवं आभारी है ।

**परिचय**

विपाशा नदी के दाएं तट पर अवस्थित चतुर्दिक, चतुर्दिश नैसर्गिक सौंदर्य से आच्छादित महाविद्यालय कुल्लू 1967 से लेकर अद्यावधि तक शिक्षा की अलख जगाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है । कभी भी पीछे मुड़कर न देखने वाली ब्यास नदी यहां के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शाश्वत रूप से आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है । साथ में बिजलेश्वर महादेव का वरदहस्त भी इस महाविद्यालय को सदैव बरसता रहता है। इस महाविद्यालय का शुभारंभ 1967 में 9 शिक्षकों व 58 छात्रों के साथ हुआ था वर्तमान में विद्यार्थियों की आशातीत वृद्धि के कारण अध्ययनरत छात्र–छात्राओं की संख्या 5076 है, जिसमें छात्रों की संख्या 2271 और छात्राओं की संख्या 2805 है। वर्तमान में निष्ठावान एवं प्रबुद्ध प्रतिबद्ध शिक्षकों की संख्या 67 और गैर शिक्षकों की संख्या 21 हो गई है ।

## नामांकन

महाविद्यालय में विभिन्न संकायों मे अध्ययनरत विद्यार्थियों की सँख्या क्रमबद्ध रूप से अधोलिखित प्रकार से वर्णित है :

| | | General | | SC | | ST | | OBC | | Total A (3+5+7+9) | Total B (4+6+8+10) | Total G. (11+12) | Handi caped | | G. Total (14+15) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Stream | Class/Streamwise | B | G | B | G | B | G | B | G | B | G | All | B | G | All |
| | B.A. 1st Year | 391 | 474 | 154 | 138 | 63 | 70 | 11 | 19 | 619 | 701 | 1320 | 3 | 1 | 4 |
| | B.A. 2nd Year | 249 | 402 | 82 | 105 | 49 | 59 | 17 | 18 | 397 | 584 | 981 | 1 | 0 | 1 |
| | B.A. 3rd Year | 200 | 327 | 66 | 90 | 42 | 45 | 7 | 13 | 315 | 475 | 790 | 2 | 0 | 2 |
| Arts | Total | 840 | 1203 | 302 | 333 | 154 | 174 | 35 | 50 | 1331 | 1760 | 3091 | 6 | 1 | 7 |
| | B.Sc. 1st Year | 27 | 82 | 11 | 25 | 16 | 28 | 0 | 6 | 54 | 141 | 195 | 0 | 0 | 0 |
| | B.Sc. 2nd Year | 13 | 44 | 10 | 13 | 5 | 18 | 1 | 3 | 29 | 78 | 107 | 0 | 0 | 0 |
| | B.Sc. 3rd Year | 19 | 79 | 4 | 7 | 2 | 22 | 0 | 3 | 25 | 111 | 136 | 0 | 0 | 0 |
| Science (Medical) | Total | 59 | 205 | 25 | 45 | 23 | 68 | 1 | 12 | 108 | 330 | 438 | 0 | 0 | 0 |
| | B.Sc. 1st Year | 109 | 58 | 21 | 22 | 25 | 21 | 11 | 3 | 166 | 104 | 270 | 1 | 0 | 1 |
| | B.Sc. 2nd Year | 56 | 39 | 11 | 15 | 17 | 2 | 2 | 3 | 86 | 59 | 145 | 0 | 0 | 0 |
| | B.Sc. 3rd Year | 61 | 59 | 11 | 6 | 10 | 12 | 2 | 5 | 84 | 82 | 166 | 0 | 0 | 0 |
| Science (Non-Medical) | Total | 226 | 156 | 43 | 43 | 52 | 35 | 15 | 11 | 336 | 245 | 581 | 1 | 0 | 1 |
| | B.Com. 1st Year | 36 | 37 | 21 | 13 | 16 | 16 | 4 | 5 | 77 | 71 | 148 | 0 | 0 | 0 |
| | B.Com. 2nd Year | 32 | 42 | 15 | 15 | 9 | 9 | 0 | 0 | 56 | 66 | 122 | 0 | 0 | 0 |
| | B.Com. 3rd Year | 28 | 46 | 17 | 17 | 11 | 12 | 3 | 0 | 59 | 75 | 134 | 0 | 0 | 0 |
| Commerce | Total | 96 | 125 | 53 | 45 | 36 | 37 | 7 | 5 | 192 | 212 | 404 | 0 | 0 | 0 |
| | First Year | 19 | 9 | 8 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 29 | 11 | 40 | | | |
| | Second Year | 23 | 7 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 27 | 8 | 35 | | | |
| | Third Year | 16 | 10 | 0 | 1 | 2 | 1 | 1 | 0 | 19 | 12 | 31 | | | |
| B.C.A. | Total | 58 | 26 | 11 | 3 | 4 | 1 | 2 | 1 | 75 | 31 | 106 | | | |
| | First Year | 19 | 14 | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 22 | 17 | 39 | | | |
| | Second Year | 15 | 6 | 3 | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | 19 | 10 | 29 | | | |
| | Third Year | 12 | 6 | 1 | 1 | 0 | 0 | 3 | 0 | 16 | 7 | 23 | | | |
| B.B.A. | Total | 46 | 26 | 6 | 4 | 1 | 2 | 4 | 2 | 57 | 34 | 91 | | | |
| | First Year | 8 | 12 | 3 | 3 | 1 | 2 | 1 | 0 | 13 | 17 | 30 | | | |
| | Second Year | 3 | 17 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 | 19 | 22 | | | |
| M.A. English | Total | 11 | 29 | 3 | 4 | 1 | 2 | 1 | 1 | 16 | 36 | 52 | | | |
| | First Year | 5 | 15 | 2 | 5 | 0 | 2 | 0 | 1 | 7 | 23 | 30 | | | |
| | Second Year | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | |
| M.A. Hindi | Total | 5 | 15 | 2 | 5 | 0 | 2 | 0 | 1 | 7 | 23 | 30 | | | |
| | First Year | 3 | 4 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 6 | 11 | | | |
| | Second Year | 1 | 3 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 5 | 6 | | | |
| M.A. Economics | Total | 4 | 7 | 2 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 | 11 | 17 | | | |
| | First Year | 7 | 10 | 4 | 4 | 0 | 5 | 1 | 0 | 12 | 19 | 31 | | | |
| | Second Year | 5 | 8 | 3 | 5 | 1 | 2 | 1 | 0 | 10 | 15 | 25 | | | |
| M.A. Pol. Science | Total | 12 | 18 | 7 | 9 | 1 | 7 | 2 | 0 | 22 | 34 | 56 | | | |
| | First Year | 11 | 9 | 5 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 18 | 11 | 29 | | | |
| | Second Year | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | |
| MTA | Total | 11 | 9 | 5 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 18 | 11 | 29 | | | |
| | First Year | 17 | 12 | 2 | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 21 | 16 | 37 | | | |
| | Second Year | 11 | 9 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 11 | 9 | 20 | | | |
| | Third Year | 5 | 9 | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 9 | 12 | 21 | | | |
| B.Voc.(Retail Management) | Total | 33 | 30 | 5 | 5 | 2 | 0 | 1 | 2 | 41 | 37 | 78 | | | |
| | First Year | 16 | 12 | 6 | 2 | 1 | 3 | 1 | 0 | 24 | 17 | 41 | | | |
| | Second Year | 8 | 11 | 5 | 4 | 5 | 0 | 0 | 0 | 18 | 15 | 33 | | | |
| | Third Year | 16 | 7 | 3 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 20 | 9 | 29 | | | |
| B.Voc.(Hospitality and Tourism) | Total | 40 | 30 | 14 | 7 | 6 | 4 | 2 | 0 | 62 | 41 | 103 | | | |
| **Grand Total** | | **1441** | **1879** | **478** | **509** | **281** | **332** | **72** | **85** | **2271** | **2805** | **5076** | **7** | **1** | **8** |

## वार्षिक परीक्षा परिणाम

वार्षिक परीक्षा परिणाम किसी भी शैक्षिणक संस्थान के चहुंमुखी विकास का प्रतिबिम्ब होता है। यह हमारे महाविद्यालय के लिए बडे हर्ष का विषय है कि वार्षिक परीक्षा परिणाम अत्यधिक संतोषजनक एवं विश्वविद्यालय परिणाम की प्रतिशतता से उतम रहता है। यह शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम का परिणाम है।

मैं यहाँ अपनी ओर से ज़ोर देकर कहना चाहूँगी कि यहाँ के सभी प्राध्यापक अपने विषय के विशेषज्ञ हैं और अपनी ओर से श्रेष्ठतम देने का प्रयास करते हैं।

## प्राध्यापकों की शैक्षणिक उपलब्धियाँ

एक अध्यापक राष्ट्र का निर्माता होता है। किसी भी संस्थान के शिक्षकों की गतिविधियाँ और उपलब्धियाँ सर्वागीण विकास की ओर अग्रसर करती हैं। इस संस्था के प्राध्यापक ज्ञानार्जन और शोध कार्यों में लीन रहकर ज्ञान का प्रचार प्रसार करते हैं :–

**ओरियंटेशन प्रोग्राम :–** प्रो0 कश्मीर (भौतिक विज्ञान), डॉ0 कुलदीप सिंह (वाणिज्य विभाग), प्रो0 प्रोमिला (इतिहास विभाग), प्रो0 कृष्ण (इतिहास विभाग), प्रो0 हेमराज (हिंदी विभाग), डॉ0 आशीष (रसायन विज्ञान) प्रो0 ऋचा आहलूवालिया (अंग्रेजी विभाग) , प्रो0 ज्ञान (वनस्पति विज्ञान)।

**रिफ्रेशर प्रोग्राम :–** प्रो0 सोम पराकर (अर्थशास्त्र विभाग), प्रो हरीश आनंद (वनस्पति विभाग), प्रो0 कश्मीर (भौतिक विभाग), डॉ0 निर्मल चौहान (रसायन विज्ञान), डॉ0 साक्षी राणा (वनस्पति विज्ञान), प्रो0 अजय कुमार (अंग्रेजी विभाग), डॉ0 शशि शर्मा (अर्थशास्त्र विभाग), प्रो0 मोनिका (जीव विज्ञान), प्रो0 सरिता (जीव विज्ञान), डॉ शीतल ठाकुर (समाजशास्त्र), प्रो0 ललित मोहन (गणित विभाग) प्रो0 रामनाथ (राजनीतिक विज्ञान), प्रो0 निश्चल शर्मा (कंप्यूटर साइंस), प्रो0 राजेश शर्मा (रसायन विज्ञान), प्रो0 रतन नेगी, प्रो0 सन्नी ठाकुर, प्रो0 दीप लाल (राजनीति विज्ञान), डॉ0 हीरामणि (पर्यटन विभाग), प्रो0 विजय (संस्कृत विभाग), प्रो0 ज्ञान (वनस्पति विभाग), प्रो0 देचेन छोमो(वाणिज्य विभाग)

**अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी :–** डॉ0 सुजाता राशपा (शारिरिक शिक्षा विभाग), प्रो0 सीमा शर्मा, प्रो0 राजेश शर्मा (रसायन विभान), डॉ0 ओम प्रकाश ठाकुर (भूगोल विभाग), डॉ0 राकेश राणा (अंग्रेजी विभाग), प्रो0 सोम पराकर (अर्थशास्त्र विभाग), डॉ निर्मला सिंह (लोक प्रशासन), डॉ0 शीतल ठाकुर (समाजशास्त्र), डॉ0 मनीष सूद (वाणिज्य विभाग), प्रो0 हरिसिंह (संगीत विभाग), डॉ0 पूजा शर्मा (संगीत विभाग), डॉ0 रूपा ठाकुर, डॉ0 अशोक (हिंदी विभाग), प्रो0 ललित मोहन, प्रो0 राजेश (गणित विभाग), प्रो0 सनी, प्रो0 और प्रो0 दीप लाल (राजनीतिक विज्ञाप), प्रो0 सोहन (भौतिक विज्ञान), डॉ0 आशीष (रसायन विज्ञान)

**राष्ट्रीय संगोष्ठी :–** डॉ0 सुजाता राशपा (शारिरिक शिक्षा विभाग), प्रो0 चारू आहलूवालिया, ऋचा आहलूवालिया (अंग्रेजी विभाग) , डॉ0 हरि सिंह (संगीत विभाग)।

**कार्यशाला :–**डॉ0 ओम प्रकाश ठाकुर, प्रो0 स्नेह लता (भूगोल विभाग), डॉ0 कंचन कुमारी (हिंदी विभाग)।

**प्रवेशन प्रशिक्षण (Induction Training ):-** प्रो0 नीरज कपूर, डॉ0 बिन्ता ठाकूर, डॉ0 मही योगेश (अंग्रेजी विभाग), डॉ0 कुलदीप सिंह (वाणिज्य विभाग), प्रो0 हरीश आंनद(वनस्पति विभाग)।

**संकाय विकास कार्यक्रम (FDP) :-** प्रो0 राजेश कुमार (रसायन विभान), प्रो0 सोम पराकर (अर्थशास्त्र विभाग), प्रो0 कश्मीर (भौतिक विज्ञान), प्रो0 अजय कुमार (अंग्रेजी विभाग), प्रो0 प्रोमिला, प्रो0 ज्योति चरण (इतिहास विभाग), प्रो0 निश्चल शर्मा (कंप्यूटर साइंस), प्रो0 हरीश आंनद(वनस्पति विभाग), प्रो0 देचेन छोमो(वाणिज्य विभाग)।

**शोध पत्र :–** डॉ0 राकेश राणा (अंग्रेजी विभाग), प्रो0 सोम पराकर , डॉ0 शशि शर्मा (अर्थशास्त्र विभाग), डॉ0 हरि सिंह, डॉ0 पूजा शर्मा (संगीत विभाग), प्रो0 कश्मीर (भौतिक विज्ञान), प्रो0 राजेश , प्रो0 सन्तोष (गणित विभाग),डॉ0 अनूपमा कटोच (शिक्षा विभाग), प्रो0 शुभम दीप (भूगर्भ विभाग), प्रो0 देचेन छोमो(वाणिज्य विभाग), डॉ0 आशीष (रसायन विभाग)।

**किताब प्रकाशन :–** डॉ0 राकेश राणा (अंग्रेजी विभाग) ने “Adaptation Vs Novelisation” नामक पुस्तक का प्रकाशन किया । प्रो0 कश्मीर (भौतिक विज्ञान) ने “Solid State Physics and Electornics” नामक पुस्तक का प्रकाशन किया।

**पी एच डी उपाधि :–** हिंदी विभाग में कार्यरत प्राध्यापक हेम राज को उनके शोध प्रबंध कुल्लवी एवं लाहौली लोक साहित्य एक तुलनात्मक अध्ययन के लिए डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया ।

## स्थानान्तरण, रिक्तियाँ एवं सेवानिवृति

स्थानान्तरण कर्मचारियों की सहज प्रक्रिया मानी जाती हैं। इसी के साथ सेवानिवृति कर्मचारी के जीवन का कठोर यथार्थ है। इस महाविद्यालय में सत्र 2021–22 में स्थानान्तरण हुए और यहाँ आए हुए प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का ब्यौरा निम्न है:–

**निर्गमन :–** प्रो0 अनिता , प्रो0 राजीव परमार , डॉ0 खेम चन्द, प्रो0 पूजा सोहल, प्रो0 दिनेश सिंह , प्रो0 हीरा सिंह, प्रो0 गुंजन हाजरी, प्रो0 सीमा शर्मा श्री हेमन्त दुगल, श्रीमति शकुन्तला देवी और श्रीमति जमुना देवी।

**आगमन** :– प्रो0 नीरज कपूर, प्रो0 ऋचा आहलूवालिया , डॉ0 हेमराज , डॉ0 शशी शर्मा, प्रो0 संतोष , डॉ0 अश्वनी कुमार, डॉ0 सुमित ठाकुर, प्रो0 राजेश सिंह, प्रो0 ज्ञान चन्द, प्रो0 प्रोमिला , डॉ0 अशोक कुमार, प्रो0 आशीष कुमार, डॉ0 शीतल ठाकुर, प्रो0 मोनिका कुमारी, डॉ0 माही योगेश , डॉ0 लोकेश, प्रो0 स्नेहलता , डॉ0 निर्मल चौहान, प्रो0 राम नाथ, श्री सतीश कुमार, श्री भीमी राम, श्री पंकज श्रीमति टीना कुमारी स्थानान्तरित होकर कुल्लू महाविद्यालय आए।

**सेवानिवृति :–** प्रो0 गोविन्द सिहं , श्री यान चन्द, श्री मति सत्या रानी कुल्लू महाविद्यालय से सेवानिवृत हुए।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

संगीत विभाग के कुशल नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा उत्सव समूह–दो में राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के विद्यार्थियों ने शास्त्रीय संगीत (एकल) में द्वितीय स्थान, लोक संगीत गायन (एकल) में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त समूह –तीन में लोक नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

महाविद्यालय की ओर से दो दिवसीय सृजन कार्यक्रम का आयोजन 2–3 मार्च, 2023 को आयोजन किया गया, जिसमें छात्र/छात्राओं में अपनी कला और प्रतिभा को प्रदर्शित करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम के पहले दिन के मुख्यातिथि श्री पंकज परमार, कुल्लू जिला परिषद् अध्यक्ष और दूसरे दिन के श्री भुवनेश्वर गौड़ , माननीय विधायक

मनाली विधानसभा रहे। इस कार्यक्रम में लोकगीत, फिल्मी गीत, भजन, ग़ज़ल, लोकनृत्य, एकल नृत्य आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई।

## खेल–कूद गतिविधियाँ

खेलें शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए अनिवार्य होती है। जिससे जीवन में समरसता और संतुलन स्थापित होता है।

- अन्तर महाविद्यालय क्रॉस कंटरी राजकीय महाविद्यालय हरिपुर में 8 सितम्बर, 2022 को आयोजित की गई। जिसमें पुरूष वर्ग में अतुल , गौरव, दिनेश, पंकज और महिला वर्ग में नीलिमा , सरिता, दीक्षा, अंकिता , सीमा और रीटा ठाकुर ने उपविजेता ट्रॉफी हासिल की।
- अन्तर महाविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज हमीरपुर 19 से 21 सितम्बर, 2022 में हुआ। जिसमें तन्वी और चॉदनी ने कांस्य पदक हासिल किए।
- अन्तर महाविद्यालय बास्केट बॉल प्रतियोगिता राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में 22 से 25 सितम्बर 2022 को आयोजित की गई, जिसमें महाविद्यालय कुल्लू तृतीय स्थान पर रहा।

- हिमाचल प्रदेश राज्य जूडो प्रतियोगिता का आयोजन शिमला में हुआ, जिसमें शानू और प्रियका ने कांस्य पदक हासिल किया।
- अन्तर महाविद्यालय बॉलीबाल (पुरूष वर्ग ) प्रतियोगिता 15 से 18 अक्तूबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय रामपुर में आयोजित की गई, जिसमें कुल्लू कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।
- अन्तर महाविद्यालय जूडो (पुरूष एवं महिला वर्ग) प्रतियोगिता राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में 17 से 18 अक्तूबर 2022 को आयोजित की गई, जिसमें प्रियंका ने रजत पदक हासिल किया ।
- अन्तर महाविद्यालय मुक्केबाजी (पुरूष वर्ग) प्रतियोगिता 01 से 03 अक्तूबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में आयोजित की गई, जिसमें पल्लवित और ललित ने रजत और शुभम चौधरी ने कास्य पदक हासिल किये।
- सिनियर स्टेट हि0प्र0 बाक्सिंग (महिला वर्ग) प्रतियोगिता  रिंकागपिओं में आयोजित की गई, जिसमें रितिका और एकता ने स्वर्ण पदक, चांदनी और पुष्पा ने कांस्य पदक हासिल किए।
- अन्तर महाविद्यालय बाक्सिंग (महिला वर्ग) प्रतियोगिता राजकीय महाविद्यालय जोगिन्द्रनगर में 17 से 18 दिसम्बर, 2022 को आयोजित की गई, जिसमें रितिका और एकता ने स्वर्ण पदक, पुष्पा ने रजत पदक और श्रुति ठाकुर ने कांस्य पदक जीता।
- अन्तर महाविद्यालय वुशु (पुरूष एवं महिला ) प्रतियोगिता एम0एल0एस0एम0 कॉलेज सुन्दरनगर में 22 से 23 दिसम्बर, 2022 को आयोजित की गई, जिसमें अनिल ने स्वर्ण, अंकित और पुष्पा ने कांस्य पदक हासिल किया।
- वरिष्ठ वुशु (महिला वर्ग ) प्रतियोगिता 18 से 19 अगस्त , 2022 को आयोजित की गई, जिसमें पुष्पा ने स्वर्ण पदक जीता।
- अन्तर महाविद्यालय बेडमिंटन 30 नवम्बर, 2021(पुरूष एवं महिला वर्ग) में महेश और रीमा देवी ने प्रथम स्थान, प्रियाशु जम्वाल और हेमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।
- अन्तर महाविद्यालय ऊंची कूद प्रतियोगिता 01 दिसम्बर , 2022 में राहुल और विजय लक्ष्मी प्रथम, गोपाल और कुसुम द्वितीय, यशपाल और ज्योति तृतीय स्थान पर रहें।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन**

इसमें अन्तर विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

- कार्तिक ने वरिष्ठ वर्ग की बास्केट बॉल प्रतियोगिता जो कि नुरपुर कांगडा में आयोजित की गई, में भाग लिया। आकाश ने उतर क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता जोकि एम0जे0पी0 रोहिल खण्ड विश्वविद्यालय में प्रतिनिधित्व किया ।
- खेमराज ने अन्तर विश्वविद्यालय बास्केट बॉल प्रतियोगिता जो जामिया मीलिया विश्वविद्यालय में आयोजित हुई, भाग लिया ।
- आकाश ने अन्तर विश्वविद्यालय बालीबॉल प्रतियोगिता जो बैगंलोर (कर्नाटक ) में हुई, प्रतिनिधित्व किया ।
- एकता ने उतर क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय मुक्केबाजी प्रतियोगिता महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में हुई, कास्य पदक हासिल किया ।
- रीतिका ने अन्तर विश्वविद्यालय मुक्केबाजी प्रतियोगिता एम0डी0यू0 रोहतक में हुई, भाग लिया ।
- रीतिका और एकता ने $6^{TH}$ Elite राष्ट्रीय मुक्केबाजी स्पर्धा जो कि तांत्या टोपे स्टेडियम में हुई, प्रतिनिधित्व किया ।
- अनिल ने अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय वुशु प्रतियोगिता जोकि चण्डीगढ विश्वविद्यालय में हुई, प्रतिनिधित्व किया।
- अतुल ठाकुर ने अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय क्रॉस कंटरी प्रतियोगिता जो प्रेजीडैसी विश्वविद्यालय बंगलुरू में आयोजित हुई, प्रतिनिधित्व किया ।

- कार्तिक ने बालीबॉल प्रतियोगिता मध्य प्रदेश और कनिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिता जोकि जम्मू कश्मीर में हुई, प्रतिनिधित्व किया ।
- मानस ने संतोष टॉफी जो कि मनीपुर में हुई , प्रतिनिधित्व किया ।
- अभय राणा , अखिल ठाकुर , अविनाश ठाकुर, वरिष्ठ राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता जोकि सूरत में हुई, प्रतिनिधित्व किया।
- कार्तिक ने भारतीय युवा खेल जोकि पंचकूला (हरियाणा) में आयोजित हुई , भाग लिया ।
- वृंदेश आर्यन डोगरा ने उतर क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया ।

## विभागीय गतिविधियाँ

- हिन्दी विभाग द्वारा 14 सितम्बर 2022 से हिन्दी पखवाडे का आयोजन किया गया । जिसमें भाषण प्रतियोगिता, कविता वाचन, पोस्टर मेंकिगं , प्रश्नोतरी प्रतियोगिता करवाई गई ।
- समाजशास्त्र विभाग के सौजन्य से इन्डक्शन और औरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। और Himalyan Institute of Cultural and Haritage Study पर ऑन लाइन व्याख्यान करवाया गया ।
- इतिहास विभाग द्वारा 16 अगस्त 2022 को आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । 5 सितम्बर 2022 को अध्यापक दिवस मनाया गया । 19 अक्तूबर 2022 को अमर उजाला फॉउडेशन के संयुक्त तत्वाधान में अपराजिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।
- भूगर्भ विभाग और वनस्पति विभाग द्वारा 21 अक्तूबर 2022 को शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया ।
- अंग्रेजी विभाग द्वारा केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रो0 रोशन लाल का Litrary Criticism पर वक्तव्य करवाया।
- राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 26 नवम्बर, 2022 को संविधान दिवस मनाया गया।
- बी0सी0ए0 विभाग द्वारा Carrier Counciling Programe का आयोजन किया गया ।
- पर्यटन विभाग द्वारा विद्यार्थियों को गोवा और राजस्थान का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया ।
- भूगोल विभाग द्वारा जे0बी0पंत सस्थान के संयुक्त तत्वाधान ने रिमोट सेसिंग और जी0आई0एस0 पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

## अन्य गतिविधियाँ

महाविद्यालय में विभिन्न प्रकोष्ठ बनाए गए है जिनमें निम्न लिखित गतिविधियाँ आयोजित की गई हैं :–

- साहित्य परिषद् द्वारा महाविद्यालय में हिन्दी , अग्रेंजी एवं संस्कृत विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेंकिगं, नारा लेखन, वाद विवाद प्रतियोगिता , रंगोली , प्रश्नोतरी प्रतियोगिताएं करवाई गई ।
- Women Cell और Health and Family Welfare Deaprtment के तत्वाधान में 09 फरवरी, 2023 को Meanstural Hygine पर व्याख्यान दिया गया ।
- 01 मार्च, 2023 को महाविद्यालय और जलशक्ति विभाग ने मिलकर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जिसमें कविता लेखन करवाया गया
- Career Counceling and Guidence Cell के द्वारा 27 दिसम्बर, 2022 को स्टार्टअप , सघं लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परिक्षाओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- परिसर सौंदर्य समिति ने विज्ञान संकाय के साथ लगते बाग की साफ–सफाई करके उसमें विद्यार्थियों को बैठने के लिए बैंच के साथ–साथ कूड़ा रखने के लिए कूड़ादान तथा पौधे लगाए। इसमें 60 विद्यार्थियों ने कार्य किया। अपशिष्ट पदार्थो से बाग को सजाया गया और बच्चो के बैठने का स्थान बनाया गया ।

## पुस्तकालय

जिज्ञासा मनुष्य का सहजात भाव है, जिसका शमन पुस्तकालय अध्ययन के द्वारा सम्भव है। महाविद्यालय के पुस्तकालय में इस समय विभिन्न विषयों पर 27916 पुस्तकें, 18 पत्र–पत्रिकाएं, 5 समाचार पत्रों का विद्यार्थी लाभ उठा रहे हैं।

- सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के अन्तर्गत 6,292 ई०–जर्नल और 1,99,500 ई०–पुस्तकों का लाभ विद्यार्थी ले रहे हैं।
- 2011–12 में सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत पुस्तकालय को कम्पयूटरीकृत कर दिया गया है। विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए इस समय 10 संगणक दिए गए है। बी०एस०एन०एल० फाईबर की सुविधा भी दी गई है।

## छात्रवृत्तियाँ

2022–23 में अलग–अलग योजनाओं के द्वारा विभिन्न वर्ग के 106 विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियाँ प्रदान करने की पुष्टि की गई है।

## अध्यापक अभिभावक संघ

अध्यापक अभिभावक संघ समाज और महाविद्यालय शिक्षकों के बीच का सेतु है। शैक्षणिक विकास में इस संघ की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। सत्र 2022–23 में श्री वीरेन्द्र शर्मा (अध्यक्ष), श्री जोगिद्र सिंह (उपाध्यक्ष), सहसचिव श्री पीताम्बर दत शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री राजेन्द्र सूद और डॉ0 अशोक कुमार को सचिव बनाया गया। सदस्य अभिभावक श्री भाग चन्द, श्रीमति रूमा देवी, श्री योगेश , श्री मोहन बाली हैं । सदस्य प्राध्यापक प्रो0 राजेश कुमार, डॉ0 निर्मला सिंह, डॉ0 रूपा ठाकुर, प्रो0 दीप लाल है।

## एन०सी०सी० (छात्र एवं छात्राएँ)

राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता, समर्पण, निःस्वार्थ सेवा भाव सकारात्मक सोच एवं देश प्रेम का भाव जागृत करने में एन०सी०सी० की अहम् भूमिका रहती है।

### थल स्कन्ध

सत्र 2021–22 के दौरान Lt. अजय कुमार और डॉ0 अनुपमा कटोच के कुशल नेतृत्व में 148 विद्यार्थी महाविद्यालय के थल स्कन्ध में पंजीकृत है। प्रतिवर्ष की भान्ति इस सत्र में भी एन०सी०सी० कैडेटस ने राज्य और राष्ट्रीय स्तरीय कैम्प में भाग लिया। कई सामाजिक कार्यों जैसे सफाई अभियान, जागरूकता अभियान, पौधारोपण, रक्तदान आदि में बढ़–चढ़ कर भाग लिया। जिसका विवरण निम्न हैः–

- 13 से 22 नवम्बर 2022 को द्वितीय वर्ष के 22 और तृतीय वर्ष के 35 कैडेटस ने ट्रांजिट शिविर पंडोह में भाग लिया ।
- 20 जनवरी से 27 जनवरी , 2023 में द्वितीय वर्ष के दो कैडेटस ने बाहरा विश्वविद्यालय (वाकनाघाट) में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया । इस शिविर में महाविद्यालय के कैडेटस ने लोक नृत्य में प्रथम , फायरिंग में कुसुम ने स्वर्ण पदक , दिव्या ने रजत और करण ने कांस्य पदक हासिल किया । समग्र रूप से महाविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया ।
- 10 दिसम्बर से 13 दिसम्बर, 2022 को गर्ल्स बटालियन की 18 कैडेटस ने बडूसाहिब (सोलन) में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया । ईशा ने ड्रिल में प्रथम , यामनी ने एकल नृत्य में द्वितीय , बालीबॉल में महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रथम , गार्ड ऑफ आनर में द्वितीय, टेंट पिचिंग में द्वितीय तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।
- 16 से 30 अगस्त को आर्मी अटैचमेंट कैंप (मैक्लोडगंज) में 4 कैडेटस ने भाग लिया । शिविर में ड्रिल में एस0यू0ओ0 विकास राणा ने प्रथम और फायरिंग में हरनाम सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

- महाविद्यालय के कैडेट ने क्रमशः थल सेना कैंप रोपड (11 से 18 अगस्त , 2022 ) यूके ट्रेक 1 रतिगढ ( 27 सितम्बर से 4 अक्तूबर, 2022) इंटर ग्रुप प्रतियोगिता रूपनगर , पंजाब (22 से 29 नवम्बर , 2022), आर्मी अटैचमेंट कैंप पठानकोट (27 जनवरी से 7 फरवरी , 2023 ) में संस्थान का प्रतिनिधित्व किया ।
- 21 जून, 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय योगदिवस , आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर रैली , ‘‘प्रदूषण नियंत्रण और पॉलिथीन पर प्रतिबन्ध’’ पर 17 अक्तूबर , 20.22 को जागरूकता रैली और स्वंतत्रता दिवस एवं गणतन्त्र दिवस परेड में भागीदारी सुनिश्चित की।
- 27 नवम्बर, 2022 को एन0सी0सी0 स्थापना दिवस के 75 वर्ष के उपलक्ष पर एक मेगा रक्तदान अभियान का आयोजन किया ।
- 22 फरवरी , 2023 को नशा विरोधी रैली का आयोजन तथा कॉलेज परिसर की सफाई की गई

## वायु स्कन्ध

महाविद्यालय का एन0सी0सी0 वायु स्कंध 1 एच0पी0 एयर स्क्वाड्रन एन सी सी कुल्लू के अर्न्तगत आता है। एन0सी0सी0 वायु स्कन्ध फलाईग ऑफिसर प्रो0 निश्चल शर्मा के कुशल नेतृत्व में कार्य कर रहा है। एन०सी०सी० वायु स्कन्ध के कैडेट्स ने इस साल भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक गतिविधियों में भाग लिया :

- एल0एम0एस0 कलेहली में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में 80 कैडेटस ने भाग लिया ।
- एन0सी0सी0 अकादमी मलोट (पंजाब ) में आयोजित इंटर ग्रुप प्रतियोगिता में भाग लिया और 6 कैडेटस वहां से पूर्व वायु सैनिक शिविर 2,3,4 के लिए चुने गए और 5 कैडेटस जोधपुर (राजस्थान)में अखिल भारतीय वायु सैनिक शिविर के लिए चुने गए।
- एक कैडेट ने ‘‘एक भारत श्रेष्ठ भारत’’ शिविर में भाग लिया और उसके बाद राष्ट्रीय स्तर के स्वतन्त्रता दिवस शिविर (दिल्ली ) जोकि 36 दिनों का था, भाग लिया ।
- वायु सेना अकादमी डूडीगल (हैदराबाद) वायु सेना स्टेशन (गवालियर ) में 3 कैडेटस ने भाग लिया ।
- 3 कैडेटस ने पठानकोट में सेना के अटैचमेट शिविर में , 2 ने बिहार और पंजाब में‘‘एक भारत श्रेष्ठ भारत’’ शिविर में , एक कैडेट ने उतराखण्ड में ट्रैकिगं शिविर में भाग लिया ।
- ABVIMAS मनाली में आपदा प्रबन्धन प्रशिक्षण शिविर में 34 कैडेटस ने भाग लिया ।
- 9 कैडेटस समुदाय आधारित आपदा जोखिम का हिस्सा रहे। डी0डी0एम0ए0 कुल्लू प्रबन्धन परियोजना जिसे जुआरे का नाम दिया गया । जिसने 2022 में ‘‘एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड’’ में अपना नाम दर्ज किया ।
- रक्तदान शिविर में 25 कैडेटस ने रक्तदान किया ।

## विशिष्ट उपलब्धियॉ

पूर्व कैडेटस शालिनी ठाकुर और हिमांशु शर्मा का जून, 2022 में , नितिन भण्डारी और हर्षित रामपाल का फरवरी , 2023 में भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में चयन हुआ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पण, त्याग प्रेम की भावना की परिचायक है। डॉ० शशि शर्मा और डॉ0 सुमित ठाकुर के कुशल नेतृत्व में वर्ष 2022–23 में 200 स्वयं सेवी कार्यरत हैं। सत्र 2022–23 में विभिन्न गतिविधियों का विवरण कुछ इस प्रकार है :–

- 21 जून, 2022 को विश्व योगा दिवस अटल टनल के नोर्थ पोर्टल में मनाया गया और इसके माध्यम से समाज को योगा अपनाने पर बल दिया ।
- 26 जून, 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर एस0डी0एम0 बल्ह समृतिका नेगी ने स्वयं सेवियो को नशे से दूर रहने पर प्रेरणादायी प्रचार रखे और शपथ दिलाई।

- 27 सितम्बर, 2022 को एन०एस०एस० स्थापना दिवस मनाया गया।
- ड्रील सेशन, गणतंत्र दिवस परेड, आपदा प्रबन्धन, सड़क सुरक्षा, सविंधान दिवस, लोक संस्कृति विधा पर कार्यक्रम, एड्स दिवस, युवा महोत्सव जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन समय–समय पर किया गया।
- 22 फरवरी , 2023 को ढालपुर मैदान में नशा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत रैली कर जागरूकता का संदेश दिया।
- प्रत्येक शुक्रवार को स्वंयसेवियों द्वारा कॉलेज परिसर में सफाई अभियान चलाया जाता है।
- 01 दिसम्बर 2022 को एड्स दिवस मनाया गया ।
- 26 नवम्बर से 6 दिसंम्बर, 2022 को श्रुति ठाकुर ने राष्ट्रीय प्री0 रिपब्लिक दिवस कैंप में लवली प्रोफेशनल विश्वद्यालय (फगवाडा ) तक भाग लिया ।
- 08 फरवरी 2023 को ‘‘भारत में उच्च शिक्षा विषय’’ पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें चितकारा विश्वविद्यालय चडीगढ से के0डी0एस0 वेदी स्रोतविद् रहे।
- 15 फरवरी 2023 को महाविद्यालय में ‘‘सूचना का अधिकार’’ पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- अनमोल शर्मा ने जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में युवा पार्लिमेंट में 29 जनवरी , 2023 को द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- 22 जनवरी से 16 जनवरी, 2023 में 26 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव में हुवली धरवाड (कर्नाटक) में भाग लिया ।
- 16 से 22 फरवरी 2023 को राष्ट्रीय एकीकरण शिविर जो पंजाब विश्वविद्यालय पटियाला में हुआ, भाग लिया।
- 29 जनवरी से 04 फरवरी , 2023 को शिक्षित युवा और आत्मनिर्भर भारत विषय पर वार्षिक शिविर लगाया गया। जिसमें 85 स्वयंसेवियों ने भाग लिया ।
- 01 मार्च, 2023 को महाविद्यालय की एन0एस0एस0 इकाई और नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में जी0–20 पर कार्यक्रम किया गया ।

## रोवर्स और रेंजर्स

महाविद्यालय में सत्र 2022–23 में रोवर्स एवं रेंजर्स की यूनिट प्रो० ज्योति चौहान और प्रो० मीनाक्षी जोहल के नेतृत्व में सक्रिय है।

- 22 फरवरी, 2022 को महाविद्यालय में स्काउटस स्थापना दिवस मनाया गया ।
- 15 से 19 मार्च तक आयोजित कार्यशाला जोकि रिवालसर (मण्डी) में हुई , 08 रोवर्स ने भाग लिया ।
- 01 से 05 जुलाई , 2022 में राष्ट्रीय स्तरीय रोवर रेजर कार्निवल में 17 रोवर रेंजर ने भाग लिया ।
- 12 से 13 अगस्त, 2022 को तिरंगा रैली और तिरंगा प्रभात फेरी में हिस्सा लिया ।
- 31 अगस्त से 04 सितम्बर, 2022 निपुण टेस्टिंग शिविर रिवालसर में 08 ने भाग लिया ।
- 21 सितम्बर, 2022 को विश्व शांति दिवस के उपलक्ष में क्षेत्रीय चिकित्सालय कुल्लू में रक्तदान किया ।
- 21 से 27 दिसम्बर , 2022 में कर्नाटक के मुदुविदिरी में 14 रोवर्स 08 रेजंर ने भाग लिया ।
- 17 से 26 जनवरी , 2023 को गणतन्त्र दिवस में महाविद्यालय के 06 ने भाग लिया ।
- ‘‘ प्रोजेक्ट समर्थ’’ रोवर्स रेंजर्स द्वारा चलाई गई ऐसी परियोजना है जिसका उददेश्य झुग्गी झोपडियों में रहने वाले बच्चों का शारिरिक व मानसिक विकास करना है जिसमें इकाई के 18 स्काउट अपनी सेवाएं दे रहे है। ’’

## बी०सी०ए०

सत्र 2008–09 में महाविद्यालय में बी०सी०ए० पाठ्यक्रम शुरू किया गया, जिसमें 40 विद्यार्थियों का चयन योग्यता के आधार पर किया जाता है। प्रो० कश्मीर सिंह के कुशल नेतृत्व में उच्च गुणवता युक्त कम्पयूटर शिक्षा प्रदान करने के लिए योग्य प्राध्यापकों की सेवाएं ली जा रही है। सेल्फ फाईनांस के अन्तर्गत यह कोर्स चलाया जा रहा है।

### बी०बी०ए०

महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए सत्र् 2010 में बी०बी०ए० की कक्षाएँ आरम्भ की गई। वर्तमान में प्रो० सोम कृष्ण शर्मा समन्वयक के पद पर कार्यरत है। सेल्फ फाईनांस के अन्तर्गत यह कोर्स चलाया जा रहा है।

### बी०वॉक०

महाविद्यालय में सत्र् 2017 में बी०वॉक० की कक्षाएं शुरू की गई। बी०वॉक० में दो पाठ्यक्रम हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिजम और रिटेल मैनेजमैंट चलाए गए तथा प्रत्येक पाठ्यक्रम में 40 विद्यार्थियों का चयन योग्यता के आधार पर किया जाता है। वर्तमान में डॉ० ओ०पी०ठाकुर बी०वॉक० के समन्वयक हैं।

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

महाविद्यालय में सभी वर्ग के शैक्षणिक विकास के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का केन्द्र सन् 1992 में अस्तित्व में आया। 8 छात्रों से आरम्भ होकर आज 2697 छात्र/छात्राएँ पंजीकृत है। इस समय इस केन्द्र में 40 पाठ्यक्रमों में प्रवेश उपलब्ध है। जुलाई 2019 से बी0एस0सी0 पाठ्यक्रम को भी सम्मिलित किया गया है। अध्ययन केन्द्र कुल्लू की समन्वयक प्रो० सीमा शर्मा, दो सहायक समन्वय प्रो० चेतराम, दो सहायक, चार परिचारक तथा एक सफाई कर्मचारी है। अध्ययन केन्द्र कुल्लू में 28 सक्रिय परामर्शदाता है। जो छात्रों को अपने–अपने विषयों में अध्ययन में सहयोग करते हैं।

### छात्रावास

**पुरुष छात्रावास**

सत्र 2022–23 में कोविड नियमों व हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशानुसार छात्रावास में 46 छात्रों को मेरिट के आधार पर प्रवेश मिला। हॅास्टल की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए विकास राणा व रविन्द्र राणा को मुख्य छात्र तथा टिकम राम व अमित नेगी को छात्रावास में भोजनालय प्रबन्धक बनाया। सत्र 2022–23 में छात्रावास में सफेदी कराई गई।

**कन्या छात्रावास**

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू जनजातीय कन्या छात्रावास का सत्र 5 अक्तूबर, 2021 को शुरू हुआ था। वर्तमान में छात्रावास में 100 छात्राएँ रह रही हैं।

- छात्रावास में प्रत्येक रविवार को परिसर की सफाई की जाती है एवं प्रत्येक शनिवार सांस्कृतिक गतिविधियाँ करवाई जाती हैं। महाविद्यालय के विभिन्न गतिविधियों में छात्रावास की छात्राएँ बढ़–चढ़ कर भाग लेती हैं।
- छात्रावास में मुख्या छात्रा अंकिता ठाकुर , Prefect श्रुति , अमिषा , सोनम नन्दिनी, उर्वशी को और Mess Auditor सोनम डोलम को बनाया गया है।
- छात्रावास की दो छात्राओं निकिता और मेघा ने अखिल भारतीय राफटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

### पत्रिका

महाविद्यालय की पत्रिका (देवधरा) विद्यार्थियों की लेखन प्रतिभा को उजागर करने का सौभाग्य प्रदान करती है। इसमें विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर अपने विचार अभिव्यक्त करने का अवसर प्राप्त होता है। पत्रिका मुख्य सम्पादक डॉ० राकेश राणा के संरक्षण में तैयार हुई है। इस सत्र के विभिन्न विषयों के प्राध्यापक एवं छात्र/छात्रा सम्पादकों का विवरण इस प्रकार है :–

| क्रम सँख्या | विभाग | प्राध्यापक सम्पादक | छात्र/छात्रा सम्पादक |
|---|---|---|---|
| *1* | अंग्रेजी | डॉ0 बिन्ता ठाकुर | उत्कर्ष बोध |
| *2* | हिंदी | प्रो0 रेवत राम पठानिया | मीना कुमारी |
| *3* | संस्कृत | प्रो० विजय | लितेश कुमारी |
| *4* | पहाड़ी | डॉ0 हेम राज | नेहा |
| *5* | वाणिज्य | डॉ० मनीष सूद | मान्या |
| *6* | विज्ञान | प्रो0 जय प्रकाश | सेजल ठाकुर |
| *7* | बी०सी०ए० | प्रो० कश्मीर सिंह | दिवाशीं |

**केन्द्रीय छात्र परिषद् 2022–23**

अध्यक्ष–दिव्या , उपाध्यक्ष – कृतिका, सचिव– भावना छावडा, सहसचिव – लैला और 34 सदस्य है। एक सलाहकार समिति का गठन किया गया है , जिसमें डॉ0 बृज बाला संयोजक , प्रो0 नीरज कपूर, डॉ0 सुजाता, डॉ0 ओ0पी0 ठाकुर, प्रो0 सोम कृष्ण शर्मा, डॉ0 राकेश राणा सदस्य बनाये गये है।

**विशिष्ट उपलब्धियाँ**

महाविद्यालय में हिंदी, संस्कृत और पर्यटन स्नातकोत्तर कक्षाएँ इसी सत्र से शुरू कर दी गई है।

**निष्कर्ष**

महोदय यदि महाविद्यालय के इतिहास पर विहंगम दृष्टि डाली जाए तो यहां पर अध्ययनरत विद्यार्थियों में विश्वविद्यालय कुलपति, वैज्ञानिक, प्राचार्य, प्राध्यापक, डॉक्टर, इंजीनियर, टेक्नीशियन, न्यायाधीश, प्रशासनिक अधिकारी, प्रगतिशील बागवान एवम विशिष्ट राजनेता आदि महान प्रतिभाएं सृजित होती रहती हैं । इसका श्रेय बुद्धिजीवी शिक्षकों को जाता है। हिमाचल प्रदेश के सुरम्य आकर्षक एवं प्रकृति की गोद में रची बसी संस्था को अभी कई मील के पत्थर स्थापित करने हैं। प्रतियोगिता के इस युग में शिक्षा ही सुदृढ़ व सशक्त समाज के नवनिर्माण हेतु अपना सार्थक योगदान देती है। मैं समस्त महाविद्यालय के सभी प्रतिभावान छात्र छात्राओं को बधाई देती हूं , जिन्हें आज पुरस्कार प्राप्त करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है ।

अंत में मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से हृदय की अनंत गहराइयों से आपका पुनः आभार एवं धन्यवाद प्रकट करती हूं।

**प्रतिवेदन निर्माण समिति**

1. प्रो० रेवत राम पठानिया (हिंदी विभाग)
2. डॉ० रूपा ठाकुर (हिंदी विभाग)
3. डॉ0 कंचन (हिंदी विभाग)
4. डॉ0 हेम राज (हिंदी विभाग)
5. श्रीमति टीना कुमारी (लिपिक)